

# पेट्रोल पंपों पर निशुल्क हवा पानी मिलना हुआ मुश्किल

**खास बातें**

- पेट्रोल पंपों पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव
- वाहन चालकों को हो रही भारी परेशानी



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 4 फरवरी, शहर एवं आसपास के शहरी क्षेत्रों में संचालित पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। खासकर उदय नगर कॉलोनी क्षेत्र सहित शहर के कई पेट्रोल पंपों पर नियमों के बावजूद न तो हवा भरने की समुचित व्यवस्था है और न ही पानी जैसी आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है. इसके चलते प्रतिदिन सैकड़ों वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.**

सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक पेट्रोल पंप पर टायर में हवा भरने की मशीन, स्वच्छ पानी की निःशुल्क व्यवस्था के साथ-साथ इन सुविधाओं के संचालन हेतु कर्मचारी की तैनाती भी अनिवार्य है. इसके बावजूद जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है. कई पेट्रोल पंपों पर हवा भरने की मशीन या तो लंबे समय से खराब बताई जाती है या फिर जानबूझकर बंद रखी जाती है. वहीं, पानी की व्यवस्था भी अधिकांश स्थानों पर नदारद है. स्थानीय वाहन चालकों का कहना है कि पेट्रोल या डीजल भरवाने के बाद जब वे हवा या पानी की मांग करते हैं तो कर्मचारियों द्वारा टालमटोल किया जाता है. कई बार कर्मचारियों के मौके पर मौजूद न होने की बात कहकर वाहन चालकों को लौटा दिया जाता है। कहीं मशीन खराब होने का बहाना बनाया जाता है तो कहीं साफ शब्दों में मना कर दिया जाता है. इससे दोपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ चारपहिया वाहन चालकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. वाहन चालकों का यह भी कहना है कि टायर में हवा कम होने की स्थिति में वाहन चलाना बेहद खतरनाक हो सकता है. ऐसे में पेट्रोल पंपों पर हवा की सुविधा न मिलना सड़क सुरक्षा के लिहाज से गंभीर लापरवाही मानी जा सकती है.विशेषज्ञों के अनुसार कम हवा वाले टायर से वाहन का संतुलन और ब्रेकिंग सिस्टम प्रभावित होता है, जिससे सड़क दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है.

लंबी दूरी तय करने वाले यात्रियों के लिए पानी की सुविधा न होना भी एक बड़ी समस्या है.भीषण गर्मी या यात्रा के दौरान पानी की आवश्यकता आम बात है, लेकिन पेट्रोल पंपों पर यह सुविधा न मिलना आम जनता के साथ अन्याय जैसा प्रतीत होता है. लोगों का आरोप है कि पेट्रोल पंप संचालक केवल ईंधन बेचने तक सीमित रह गए हैं, जबकि ग्राहकों को दी जाने वाली अनिवार्य सुविधाओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा.

कुछ वाहन चालकों ने यह भी आरोप लगाया कि कई पेट्रोल पंपों पर हवा भरने के बदले पैसे मांगे जाते हैं, जो नियमों का सीधा उल्लंघन है. जबकि स्पष्ट निर्देश हैं कि हवा और पानी की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जानी चाहिए और इसके लिए कर्मचारी की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए. पूरे मामले में प्रशासनिक उदासीनता भी सवालों के घेरे में है. यदि जिला प्रशासन और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाए, तो इस प्रकार की लापरवाही पर आसानी से अंकुश लगाया जा सकता है. नागरिकों ने मांग की है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले पेट्रोल पंपों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और हवा-पानी की सुविधा के लिए कर्मचारियों की अनिवार्य तैनाती सुनिश्चित कराई जाए.अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है, या फिर वाहन चालक इसी तरह असुविधाओं के बीच यात्रा करने को मजबूर रहेंगे.

# मॉल के आने से खत्म हो रहा खुदरा व्यापार, परेशानी बढ़ती जा रही

**व्यापारियों का विरोध प्रदर्शन जारी**




**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 4 फरवरी, डी मार्ट का विरोध शहर में बढ़ता ही जा रहा है दूसरे दिन पावर डिस्ट्रीब्यूटर संगठन का धरना जारी रहा. यह धरना आगे भी अनिश्चितकालीन तक चालू रहेगा कांच मंदिर माधवगंज धरना स्थल पर कई व्यावसायिक एवं व्यापारिक संगठनों का समर्थन पावर डिस्ट्रीब्यूटर संगठन मिला.**

इस मौके पर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मन्नालाल जैन एवं मध्य प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश जैन एवं व्यापार महासंघ के विभिन्न संगठनों के संचालक मौजूद थे. जिसमें अनाज तिलहन संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी भी मौजूद थे उन्होंने बताया कि मैं सदैव व्यापारियों के साथ तत्परता से खड़ा हूं अगर आवश्यकता लगी तो मध्य प्रदेश की सभी अनाज मंडी से बात कर कर बंद का आवाहन करने में मदद कर सकते हैं. महासंघ उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया ने बताया की शासन की कई नीतियां जैसे फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट एवं यह बड़े-बड़े मॉल जो शहर में आ रहे हैं इससे छोटे और मंजिले व्यापारियों को बहुत समस्या और दिक्कत उत्पन्न होती है नीरज चौरसिया ने बताया की बड़े-बड़े मॉल आने से खुदरा व्यापार एवं डिस्ट्रीब्यूशन खत्म होने की कगार पर हैं. पावर डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के महामंत्री नरेंद्र धनवानी जानकारी देते हुए बताया कि आंदोलन धरना चरणबद्ध तरीके से आगे निरंतर जारी रहेगा. 5 फरवरी गुरुवार विदिशा व्यापार महासंघ के कई संगठनों की मौजूदगी में एवं मध्य प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी के बीच मौजूद सांकेतिक फांसी का कार्यक्रम रखा गया है.

# श्रीरामलीला में आज होगा अहिरावण वध

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** श्रीरामलीला के बाईसवें दिवस आज 4 फरवरी को अहिरावण वध की भव्य लीला का मंचन किया जाएगा. लंकाधीश रावण अपने भाइयों एवं परमप्रिय पुत्र मेघनाथ के वध से भयभीत और विचलित होकर श्रीराम व लक्ष्मण पर विजय प्राप्त करने के उपायों पर विचार करेगा.इसी क्रम में पाताल लोक का स्वामी अहिरावण उसे सहयोग का आश्वासन देगा.अहिरावण देवी से वरदान प्राप्त करेगा हे देवी, मुझे ऐसा वरदान दो कि मैं सबको देख सकूँ, पर मुझे कोई न देख सके, तथा मैं अदृश्य होकर किसी भी रूप में परिवर्तित हो सकूँ. वरदान प्राप्त करने के बाद रावण और अहिरावण मिलकर श्रीराम एवं लक्ष्मण के हरण की योजना बनाएंगे.इधर श्रीराम के शिविर में हनुमान जी एवं विभीषण सेना की चौकसी करेंगे.कार्यवश विभीषण के बाहर जाते ही अहिरावण उनका वेश धारण कर श्रीराम और लक्ष्मण का हरण कर पाताल लोक ले जाएगा. स्वामी के हरण का समाचार मिलते ही हनुमान जी उन्हें खोजने पाताल लोक प्रस्थान करेंगे.पाताल लोक में हनुमान जी का मकरध्वज से भीषण युद्ध होगा.तत्पश्चात हनुमान जी सूक्ष्म रूप धारण कर पुष्प के माध्यम से भीतर प्रवेश करेंगे. जब अहिरावण श्रीराम-लक्ष्मण की बलि देने की तैयारी करेगा, तभी हनुमान जी विशाल रूप धारण कर प्रकट होंगे. हनुमान जी और अहिरावण के बीच घमासान युद्ध होगा, जिसमें अंततः हनुमान जी अहिरावण का वध करेंगे.

# रिश्ता हुआ शर्मशार, हैवान चाचा ने भतीजी का किया रेप

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, शहर थाने से करीब 12 किलोमीटर दूर एक गांव में चाचा द्वारा अपनी नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया है.यह घटना मंगलवार रात करीब 9 बजे की है. नाबालिग के पिता का एक्सीडेंट हुआ था और वे भोपाल में भर्ती हैं.उनकी मां भी पिता के साथ ही थीं, जिसके कारण नाबालिग अपने दो भाइयों के साथ घर में अकेली थी.**

आरोपी चाचा का घर नाबालिग के घर के सामने ही है. रात करीब 9 बजे भतीजी अपने चाचा को खाना देने गई थी. इसी दौरान चाचा उसे घर से बाहर झाड़ियों की तरफ ले जाते हुए दिखाई दिए. यह घटनाक्रम नाबालिग के 12 वर्षीय भाई ने देखा, जबकि भतीजी की उम्र 10 वर्ष है.करीब एक घंटे बाद जब भतीजी नहीं लौटी, तो भाई ने झाड़ियों में जाकर देखा, जिसके बाद इस घटना का खुलासा हुआ. पड़ोसियों की मदद से शहर थाना पुलिस को रात करीब 11 बजे घटना की जानकारी दी गई.सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी की तलाश शुरू कर दी.करीब 2 से 3 घंटे की मशक्कत के बाद रात को ही आरोपी को एक खेत से गिरफ्तार कर शहर थाने लाया गया.नाबालिग को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया.पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.इस संबंध में एसडीओपी शिखा भलावी ने बताया कि दुष्कर्म का मामला आरोपी पर दर्ज कर लिया गया है और उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है.

# सीएमएचओ ने ली समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामहित कुमार द्वारा विकासखण्ड ग्यारसपुर में समीक्षा बैठक ली गई जिसमें बी ई ईए बी पी एमए बी सी एम, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के समस्त सैक्टर सुपरवाइजर, सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, आशा सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.**



बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामहित कुमार द्वारा क्षेत्र बार आशा कार्यकर्ता एएएनएम, सीएचओ से अपने क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं की जानकारी ली.अप्रैल से अभी तक कितनी गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया गया, उनमें कितनी गर्भवती हाई रिस्क पाई गई, उनका कैसे प्रबंधन किया जा रहा है। सभी आशाओं को निर्देशित किया गया कि सभी हाईरिस्क को सात दिवस पूर्व बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराना जरूरी है, साथ ही आशाओं को निर्देशित किया कि समय पर 108 एम्बुलेंस को कॉल करें जिससे घर या रास्ते में डिलेवरी न हो एवं शिशु मृत्यु मातृ मृत्यु को रोका जा सके. आशाओं के क्षेत्र में कितने लक्ष्य दंपत्ति है एवं परिवार नियोजन के कौन कौन से साधन उपयोग कर रहे हैं. आशा कार्यकर्ताओं की आशा डायरी का भी अवलोकन किया, एवं निर्देशित किया कि अगर कोई आशा निष्क्रिय रहे वर्क प्रोटोकॉल अनुसार न हो तो सेवा समाप्ति का प्रस्ताव भेजें. आशाओं से अपने अपने क्षेत्र की उन गर्भवती को जिनकी डिलेवरी इस माह होना है उनको फोन लगवाकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी करवाई कि उनका स्वास्थ्य कैसा है.

# विदिशा की ऐतिहासिक रामलीला में पीढ़ियों से जीवित अभिनय की परंपरा

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, ऐतिहासिक रामलीला में शुभम शर्मा** बीते वर्षों से अपनी सशक्त अभिनय प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं. शुभम ने मात्र 5 वर्ष की आयु में रामलीला मंच पर कदम रखा था. बचपन में उन्होंने बाल रूप राम, बाल रावण एवं नारानतक जैसी भूमिकाओं का प्रभावशाली अभिनय किया.आयु के साथ उनके अभिनय में परिपक्वता आती गई और उन्होंने सुबाहू, देवराज इंद्र, अक्षय कुमार, त्रिशिरा जैसी प्रमुख भूमिकाओं को जीवंत किया.इसके साथ ही लंका दहन के हनुमान तथा रावण वध के रावण के रूप में उनका अभिनय दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है.



शुभम, रामलीला समिति के मंत्री मनोज शर्मा के पुत्र हैं. अभिनय की यह विरासत उन्हें अपने दादाजी छुट्टूलाल शर्मा (मम्मा) से मिली है. दादाजी ने रामलीला में विभिन्न पदों पर रहते हुए लगभग 30 से 35 वर्षों तक लंका दहन के हनुमान एवं रावण वध के रावण के रूप में ऐसा यादगार अभिनय किया, जिसे आज भी दर्शक श्रद्धा और गर्व से स्मरण करते हैं.शुभम शर्मा के माध्यम से विदिशा की रामलीला में यह परंपरा आज भी जीवंत है और नई पीढ़ी तक संस्कार, कला और संस्कृति का संदेश पहुंचा रही है.

# पुलिस पंचायत बनी बुजुर्गों के हक और सम्मान की आवाज

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** पुलिस अधीक्षकरोहित काशवानी के निर्देश पर गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बुधवार को हुई.अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे की उपस्थिति में संपन्न हुई. बैठक में पंचायत कोर कमेटी सदस्य आर कुलश्रेष्ठ, प्रमोद व्यास, विनोद शाह, डीके. वाजपेयी, अजय टंडन, अतुल शाह एवं डॉ. सचिन गर्ग उपस्थित रहे. बैठक में सीनियर सिटीजन से जुड़े विभिन्न संवेदनशील प्रकरणों की सुनवाई कर समाधान किया गया 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला द्वारा शिकायत की गई कि उनके पति शासकीय सेवक की मृत्यु के उपरांत उन्हें फैमिली पेंशन नहीं मिल रही है तथा पति की संपत्ति पर दूसरी महिला का अधिकार दर्ज है. सुनवाई में तथ्य सामने आया कि मृतक द्वारा दूसरी महिला से विधिवत विवाह किया गया था एवं वह नॉमिनी के रूप में दर्ज है. बुजुर्ग महिला अत्यधिक उम्र के कारण



अपने अधिकारों का दावा नहीं कर पाई थीं. पुलिस पंचायत द्वारा मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए गहन विमर्श के बाद सहमति बनी कि भोपाल एवं सिरोंज स्थित दो मकानों में से एक मकान पूर्णतः बुजुर्ग आवेदिका को एवं दूसरा मकान दूसरी महिला को प्रदान किया जाएगा. एक बुजुर्ग दंपत्ति द्वारा पंचायत में भावुक होकर शिकायत की गई कि उनके पुत्र एवं बहू द्वारा उन्हें मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है. सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की बातों को विस्तार से सुना गया. पंचायत द्वारा आपसी संवाद, संयम और शांति से जीवन व्यतीत करने की सलाह दी गई. सहमति बनी कि पक्ष एक-दूसरे को अपशब्दों का जवाब नहीं देंगे एवं घटनाओं का विवरण लिखित रूप में संधारित करेंगे. वहीं एक अन्य मामले में सिरोंज निवासी एक सीनियर सिटीजन द्वारा शिकायत की गई कि उनके द्वारा उधार दिए गए 50 हजार की राशि कोर्ट में राजीनामा होने के बावजूद वापस नहीं की गई. पंचायत द्वारा स्पष्ट किया गया कि न्यायालयीन आदेश के अनुसार राशि लौटाना अनिवार्य है.

# गैर हाजिर कर्मचारियों का कटेगा 1 दिन का वेतन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सीएमएचओ रामहित कुमार ने बुधवार को सरकारी अस्पताल का निरिक्षण किया.उन्होंने जिसमें परिसर की साफ-सफाई और स्वच्छता को बेहतर करने के निर्देश दिये गये. डॉ. कुमार के द्वारा अस्पताल की लैब में जॉचो की जानकारी के साथ-साथ कार्यरत अमले की जानकारी ली गई. अनुपस्थित कर्मचारियो को नोटिस जारी करते हुए उक्त दिवस के वेतन काटने के निर्देश जारी किये गये. टीबी रोग की जांच के लिए 1 लैब तकनीशियन उपलब्धता होने के पशचात् कार्यरत अन्य 1 लैब तकनीशियन को और कार्य करने हेतु लैब प्रभारी को निर्देशित किया गया. जिससे टीबी की जॉच में कोई परेशानी न हो. लैब में सामग्री, रीएजेण्ट व अन्य की उपलब्धता की जानकारी भी ली गई. निरीक्षण के दौरान डॉ. अनूप वर्मा, डॉ. वैभव मोदी, पैथालॉजिस्ट एवं डॉ. समीर किरार, जिला क्षय अधिकारी और प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी हेमन्त कुलश्रेष्ठ उपस्थित रहें.

# भारत को विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनाया

**मंत्री कृष्णा गौर ने की प्रेस वार्ता, बताए बजट के फयदे**




**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, भारतीय जनता पार्टी कि वरिष्ठ नेता कृष्णा गौर ने बुधवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता की कृष्णा गौर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारत के पुराने वैभव को वापस दिलाने, देश को विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि जब दुनिया के देश पढ़ना नहीं जानते थे, तब भारत में तक्षशिला विश्वविद्यालय था. दुनिया में सबसे पहले भारत में वेदों की रचना की गई.**

सनातन काल से भारत व्यापार में अग्रणी रहा है, इसीलिए भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था.विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्रिक देश भारत है.विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हमारे देश के प्रभारी श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं. प्रधानमंत्री भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना चुके हैं. प्रधानमंत्री के नेतृत्त में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है. पत्रकारवार्ता के दौरान विदिशा विधायक मुकेश टंडन, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष वीर सिंह, बलवीर सिंह रघुवंशी, देवेंद्र सिंह रघुवंशी देवू, तोरण सिंह दांगी मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, दिनेश कुशवाह, प्रशांत खत्री, रामेश्वर किरार उपस्थित रहे.

**आयोजन** — **मध्य प्रदेश प्रांतीय श्री पंडित सभा का 68वां वार्षिक महाधिवेशन संपन्न**

# काशी, वाराणसी,उज्जैन,जबलपुर के पंचांगों से वर्षभर के त्यौहार मनाने पर हुआ निर्णय

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, बैकुण्ठधाम श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सावरकर बाल बिहार में अखिल भारतवर्षीय धर्मसंघ एवं मध्य प्रदेश प्रांतीय श्री पण्डित सभा का 68वां वार्षिक महाधिवेशन धर्मगुरु धर्माधिकारी गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री के संयोजकत्व में आयोजित किया गया.विक्रम संवत 2083 नवीन संवत्सर का राजा गुरु एवं मंत्री मंगल है.अतः भारतवर्ष विश्व शांति का संदेश प्रदान करेगा, भारत वर्ष की सैन्य शक्ति में वृद्धि होगी.महाधिवेशन में भारतीय विक्रम संवत 2083 के व्रत, पर्व, त्योहारों का काशी, वाराणसी, उज्जैन, जबलपुर, नीमच, शताब्दी आदि पंचांगों एवं ज्योतिष शास्त्र के प्राचीन ग्रंथो से धर्मशास्त्रीय निर्णय एवं धार्मिक प्रश्नों के शास्त्रीय समाधान विद्वानों द्वारा सर्व सम्मति से किया गया.**



पुरुषोत्तम मास में मंदिरों में पुराण वाचन का प्रस्ताव धर्माधिकारी गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री द्वारा रखा गया , जिसे उपस्थित विद्वानों ने सर्व सम्मति से स्वीकार किया.मध्य प्रदेश प्रांतीय श्री पण्डित सभा के विधिक सलाहकर एडवोकेट बसंत महेश्वरी का सनातन धर्म की विशिष्ट सेवाओं के लिये सम्मानित किया गया.धर्माधिकारी गिरधर गोविन्द शास्त्री द्वारा पं. गिरजेश मिश्रा को श्री द्वारिकाधीश मंदिर का मुखिया एवं पं. बृज किशोर उपाध्याय को श्री राधारमण मंदिर का मुखिया नियुक्त किया गया.अखिल भारतवर्षीय धर्मसंघ एवं मध्य प्रदेश प्रांतीय श्री पण्डित सभा द्वारा पारित प्रस्ताव-वैदिक सनातन संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया, विश्व के देशों को भारत वर्ष द्वारा सन्देश प्रदान किया जावेगा. सम्पूर्ण भारत वर्ष में स्लाटर हॉउस स्थाई रूप से बंद करने एवं गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने, गो शालाओं को एक रूपया किलो भूसा (चारा) उपलब्ध कराया जावे, गो संरक्षण हेतु गोचर भूमि सुरक्षित करने,यूजीसी एक्ट 2026 पर पूर्ण रूप से समाप्त करने, पवित्र नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने, पर्यावरण संरक्षण हेतु , वृक्षों रक्षति रक्षित वृक्षों की रक्षा करने आदि के प्रस्ताव शासन को भेजने हेतु अनुमोदित किये गये. मध्य प्रदेश प्रांतीय श्री पण्डित सभा का महाधिवेशन काशी हिंदू विश्वविद्यालय व्याकरण विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. भगवत् शरण शुक्ल की अध्यक्षता , पं. श्री राम लोकरे शास्त्री के विशिष्ट आतिथ्य, धर्मसंघ विदिशा के अध्यक्ष शिक्षाविद पं. कैलाश नारायण शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ.कार्यक्रम में व्यकारणाचार्य डॉ. संतोष शास्त्री भोपाल, डॉ. राजेंद्र चतुर्वेदी , डॉ. गोपाल सहाय श्रीवास्तव, सर्व ब्राहमण समिति भोपाल के पं. विजय महाराज, एडवोकेट पं. मदन किशोर शर्मा , महंत रामेश्वर दयाल चतुर्वेदी, महंत मोहन दास त्यागी, राधा जी मंदिर के मुखिया पं. मनमोहन शर्मा, सनातन हिन्दू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष अतुल तिवारी, सुजीत देवलिया, युवा ब्राहमण विकास परिषद् के पं. दीपक तिवारी, पं. मानवेन्द्र शर्मा, पं. शिवराम शर्मा, पं. बालकृष्ण शर्मा, रामबाबू दुबे बासौदा, पं. महेद्र शंकर आचार्य आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे.

## वर्षभर के त्यौहार मनाने का हुआ निर्णय

आगामी भारतीय नववर्ष की तिथियों एवं व्रत-पर्वों का ज्योतिष शास्त्र के प्राचीन ग्रंथों के अनुसार विद्वानों द्वारा निर्णय व्रत पर्व एवं त्योहारों की तिथिया गुड़ी पड़वा, नवरात्रि आरम्भ =19 मार्च 2026 , गुरुवार, श्री राम नवमी = 27 मार्च 2026 शुक्रवार,श्री हनुमान जी प्राकट्य उत्सव 2 अप्रैल 2026 , गुरुवार,अक्षय तृतीया 20 अप्रैल 2026, सोमवार, श्री जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा 16 जुलाई 2026, गुरुवार,श्री कृष्ण जन्माष्टमी =04 सितम्बर 2026, शुक्रवार,फूल डोल एकादशी =22 सितम्बर 2026, मंगलवार, अनंत चतुर्दशी =25 सितम्बर 2026, शुक्रवार, विजया दशमी = 20 अक्टूबर 2026, मंगलवार, दीपावली 8 नबम्बर 2026, रविवार, श्री हरिप्रबोधिनी एकादशी 20 नबम्बर 2026, शुक्रवार,मकर संक्रांति पुण्य काल = 15 जनवरी 2027, शुक्रवार, महाशिवरात्रि 6 मार्च 2027, शनिवार होलिका दहन 21 मार्च 2027, रविवार मनाये जाने का मध्य प्रदेश प्रांतीय श्री पण्डित सभा महाधिवेशन में ज्योतिष के विद्वानों द्वारा धर्म शास्त्रीय निर्णय सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए.सचिव प्रो. डॉ.कपिल चतुर्वेदी शास्त्री द्वारा स्वागत भाषण एवं सह-संयोजक पं. केशव चतुर्वेदी शास्त्री द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया.

# विदिशा की इशिका मीणा ने रचा इतिहास

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, नई दिल्ली के प्रतिष्ठित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 1 से 3 फरवरी तक आयोजित हुए दूसरे शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप में भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया है. रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत ने नेपाल को पराजित कर देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया.**




इस ऐतिहासिक जीत में मध्यप्रदेश के विदिशा जिले की प्रतिभाशाली खिलाड़ी इशिका मीणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा.अपनी तेज़ खेल क्षमता, संतुलन और टीम भावना के साथ इशिका ने भारतीय टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई. उनकी इस उपलब्धि से न केवल विदिशा बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में गर्व और उत्साह का माहौल है. विश्व कप में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं में भी देखने को मिला.जितेंद्र बघेल भारतीय पुरुष टीम के मैनेजर, रंजीत बिश्नोई टेक्निकल कमेटी हेड तथा जाकिर खान ऑफिसियल के रूप में शामिल रहे.इन सभी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन और टीम प्रबंधन में अहम योगदान दिया. इशिका मीणा की इस शानदार उपलब्धि पर मध्यप्रदेश शूटिंग बॉल एसोसिएशन ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं. खेल प्रेमियों और जिलेवासियों ने भी इस सफलता को विदिशा के लिए गौरव का क्षण बताया है. यह उपलब्धि प्रदेश की खेल प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरी है और आने वाली पीढ़ी को खेलों में आगे बढ़ने का संदेश देती है.